हरिभूमि
रायपुर भूमि





# धनतेरस पर बाजार गुलजार, सड़कें जाम

**रायपुर।** धनतेरस पर्व पर राजधानी के अधिकांश बाजारों में जनसैलाब उमड़ पड़ा। दीपावली मनाने शहरवासी कपड़े, पूजा सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक सामान, जेवर आदि की खरीदारी के लिए संबंधित दुकानों में पहुंचे। इसके चलते सड़कों पर वाहन जाम होने की स्थिति बनी रही। प्रमुख व्यावसायिक स्थल गोलबाजार, शास्त्री मार्केट, तेलीबांधा, अमलीडीह, रायपुरा आदि बाजारों में भीड़भाड़ की वजह से बाजार गुलजार रहे।

## खबर संक्षेप

### हत्या का फरार आरोपी 10 दिन बाद गिरफ्तार



**रायपुर।** कौशल चौहान हत्या मामले में फरार तीसरा आरोपी भी पकड़ा गया। 19 सितंबर को रात्रि 10.15 बजे शास्त्री नगर फोकटपारा में कौशल चौहान की पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने मिलकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद पुलिस ने कमल निषाद एवं राहुल यादव को गिरफ्तार किया था, लेकिन सोनू यादव निवासी शास्त्री नगर फरार था, जिसकी पतासाजी की जा रही थी। पुलिस ने सोनू को भी गिरफ्तार कर लिया है। मृतक कौशल भी देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र का गुण्डा बदमाश है, जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट, चोरी, मारपीट एवं जान से मारने जैसे कई अपराध पंजीबद्ध है। कुछ मामलों में वह जेल भी जा चुका था।

### किराना व्यवसायी से मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने मारपीट करने के मामले में अज्ञात तीन लड़कों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 28 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 10 बजे मठपारा कचना की है। प्रार्थी टिकेश्वर कुमार साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी किराने की दुकान है। घटना के समय 3 लड़के उसकी दुकान आए और सामान लिए। सामान लेने के बाद वे बिना पैसे दिए सामान लेकर जाने लगे। इस पर उसने खरीदे गए सामान के पैसे मांगे तो लड़कों ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की तथा किसी चीज से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई है।

### सूने मकान में धावा 40 हजार की चोरी

**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी पवी शर्मा निवासी फ्लोरल सिटी डूंडा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 अक्टूबर को उसके घर पर कोई नहीं था। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर खिड़की की ग्रिल तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए है, चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में 331-4, 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### रास्ता रोककर युवक को पीटा, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा क्षेत्र में बिना कारण एक युवक को अज्ञात कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। घटना 28 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे बोरियाखुर्द स्थित कबाड़ी दुकान के पास की है। प्रार्थी राकेश प्रधान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह घटना के समय अपने साथी शिवशंकर गुप्ता के साथ जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात कुछ लोग उनके पास पहुंचे और शिवशंकर से मारपीट करने के बाद फरार हो गए। आरोपियों ने मारपीट के दौरान पत्थर से भी हमला किया है, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध 126-2, 296, 351-2, 118-1, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

दस मरीजों की आंखों का दोबारा ऑपरेशन, तीन का विजन लौट रहा

# थोड़ी भी शिकायत तो सीधे रायपुर रेफर, आंबेडकर अस्पताल में नेत्र पीड़ितों की संख्या 17 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद सर्जरी में हुई गड़बड़ी पर बवाल मचा हुआ है। ऑपरेशन कराने वाले किसी भी मरीज की आंखों में जरा भी शिकायत होती है, तो उसे सीधे आंबेडकर अस्पताल रेफर किया जा रहा है। यहां भर्ती मरीजों की संख्या 17 हो चुकी है। इनमें दस मरीजों का दोबारा ऑपरेशन करना पड़ा है, जिसमें से तीन का विजन लौटने के संकेत मिल रहे हैं।

आंबेडकर अस्पताल के नेत्र विभाग के चिकित्सक अभी भी सभी मरीजों की रोशनी लौटने के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बोल पा रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों की आंखों में इंप्रूवमेंट दिख रहा है मगर स्थिति आंखों की सूजन पूरी तरह समाप्त होने के बाद स्पष्ट होगी। अस्पताल में भर्ती हुए 17 मरीजों में से दस की आंखों में गंभीर संक्रमण था जिसके लिए दोबारा सर्जरी की गई है। वहीं शेष मरीजों की आंखों के इंफेक्शन को दवा की मदद से नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वहां अभी 22 लोग और हैं जिनकी मोतियाबिंद की सर्जरी हुई थी उन्हें किसी भी तरह का इंफेक्शन ना हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम निगरानी में जुटी हुई है।

## सभी मरीजों को वापस मिलेगी रोशनी इस पर संशय बरकरार

### खास बातें

- 17 मरीजों में से दस की आंखों में था गंभीर संक्रमण
- दस मरीजों का करना पड़ा है दोबारा ऑपरेशन जिसमें से तीन का विजन लौटने के मिल रहे संकेत
- शेष मरीजों के इंफेक्शन को दवा की मदद से नियंत्रित करने का प्रयास
- अभी 22 लोग और हैं जिनकी मोतियाबिंद की सर्जरी हुई थी


सर्जरी के बाद इंफेक्शन की शिकायत,11 मरीजों का आंबेडकर अस्पताल में इलाज
मोतियाबिंद ऑपरेशन में लापरवाही, डाक्टर सहित तीन निलंबित, स्वास्थ्य मंत्री अस्पताल पहुंचे
कांग्रेस ने बनाई जांच टीम
रोशनी जाने का खतरा


दंतेवाड़ा में बिगड़ी मोतियाबिंद की सर्जरी, 12वां मरीज भी पहुंचा आंबेडकर अस्पताल, रोशनी लौटने पर संशय
शिकायतों के हिसाब से आवश्यक उपचार जारी, विशेष वार्ड में निगरानी
ओटी मेंटेनेंस में लापरवाही

### दंतेवाड़ा नेत्र कांड के पीड़ितों से मिले पीसीसी अध्यक्ष



**रायपुर।** दंतेवाड़ा नेत्र कांड के पीड़ितों से मिलने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मेकाहारा पहुंचे। वहां पर उन्होंने मरीजों के इलाज और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। 16 मरीजों को इन्फेक्शन के इलाज के लिये मेकाहारा लाया गया। इनमें से 12 मरीजों का फिर से ऑपरेशन हो गया है। उन्होंने कहा, सरकार की लापरवाही के कारण आदिवासी मरीजों की आंखों की रोशनी गई। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ डॉ. राकेश गुप्ता उपस्थित थे।

### दो सेवा से बर्खास्त

मामला सामने आने के बाद राज्य शासन ने इस सर्जरी को पूरा करने वाली नेत्र चिकित्सक, ओटी प्रभारी नर्सिंग स्टाफ और नेत्र चिकित्सक को निलंबित कर दिया था। मामले में राज्य शासन काफी गंभीर है और कोताही के मामले में जिला अस्पताल से जूनियर साइंटिस्ट तथा प्रभारी अस्पताल प्रबंधक अभिषेक मंडल तथा माइक्रो बायोलॉजिस्ट उमाकांत तिवारी को अपने कार्यों में लापरवाही बरतने के लिए बर्खास्त कर दिया गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री की निगरानी

इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल लगातार नजर बनाए हुए हैं। पिछले दिनों अस्पताल जाकर प्रभावित मरीजों से मुलाकात की थी। उन्होंने प्रभवित मरीजों के समुचित उपचार के निर्देश आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सकों को दे रखा है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि मरीजों की लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकता अनुसार उनका इलाज किया जा रहा है।

---

# तीन एसटीपी के काम को पूरा करने अनुबंधित एजेंसी को अंतिम नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के महाराजबंध तालाब, नरैया तालाब और खो-खो तालाब में जल शुद्धिकरण के लिए लगाए जाने वाले सीवरेज ट्रीटमेंट का काम पिछड़ गया है। अनुबंधित एजेंसी को फटकार के बाद भी काम में अपेक्षित प्रगति नहीं लाए जाने पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अब अंतिम नोटिस देकर ठेका एजेंसी को 15 दिन की मोहलत काम में सुधार लाने के लिए दी है। ऐसा नहीं होने पर टेंडर निरस्त किया जा सकता है।

- रायपुर स्मार्ट सिटी ने समृद्धि वाटर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड को दिया है 3 एसटीपी का ठेका

दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के 3 तालाबों का भूजल स्तर बनाए रखने और गंदे पानी के शुद्धिकरण करने 20 करोड़ की तालाब से 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने समृद्धि वाटर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड को 2 साल पूर्व ठेका दिया। महाराजबंध तालाब में 3 नालों का गंदा पानी तालाब के जल को दूषित करता है। इसमें वीरभद्र नगर नगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाले नाले का पानी पास 3 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। इसी तरह नरैया ⏭ शेष पेज 13 पर

### दिया है अंतिम नोटिस

शहर के 3 तालाबों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का ठेका लेने वाली एजेंसी को काम में सुधार नहीं आने पर अंतिम नोटिस के साथ 15 दिन का समय काम में तेजी लाने दिया गया है। कार्य में प्रगति नहीं लाने पर ठेका निरस्त कर दिया जाएगा।

**- पीके पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

---

# सड़क नहीं, धरसींवा तक हवाई मार्ग से दवा और ब्लड सैंपल की रिपोर्ट भेजेगा एम्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अब धरसींवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक दवा और ब्लड सैंपल की रिपोर्ट सड़क के बजाए हवाई मार्ग से भेजी जाएगी। पहुंच विहीन स्वास्थ्य केंद्रों तक ड्रोन के माध्यम से दवा पहुंचाने की योजना की एम्स से शुरुआत की जाएगी।

- सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया ड्रोन सेवा का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुवल उद्घाटन के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को बटन दबाकर ड्रोन सेवा प्रारंभ की।

कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल के अनुसार एम्स के धरसींवा के स्वास्थ्य केंद्र तक दवा पहुंचाने और वहां से जांच के लिए ब्लड सैंपल लाने ड्रोन के संचालन का पायलट प्रोजेक्ट है। बाद में योजना में मिलने वाले रिस्पांस के आधार पर राज्य स्वास्थ्य ⏭ शेष पेज 13 पर

### आने वाले दिनों में नियमित

सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को योजना के तहत ड्रोन संचालन की औपचारिक शुरुआत की गई है। आने वाले दिनों में इसका संचालन नियमित किया जाएगा। इसके लिए एम्स के साथ धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकीय स्टाफ को ड्रोन के संचालन के साथ दवा निकालने और ब्लड सैंपल को सुरक्षित तरीके से ड्रोन रखने संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी।

### यू-विन पोर्टल की शुरुआत भी

ड्रोन सेवा के उद्घाटन समारोह के दौरान राष्ट्रीय टीकाकरण सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए यू-विन पोर्टल का उद्घाटन भी किया गया। साथ ही एलायड हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स पोर्टल, आयुष्मान भारत कार्ड वितरण जैसी डिजिटल योजनाओं की शुरुआत भी की गई। दावा किया जा रहा है, स्वास्थ्य सेवाएं डिजिटलाइजेशन आम लोगों तक सुलभ तरीके से पहुंचाई जा सकेंगी।

---

# तापमान दस डिग्री कम फिर भी दिन की तुलना में रात ज्यादा गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दस डिग्री का अंतर है, इसके बाद भी दिन की तुलना में रात ज्यादा गर्म है। पिछले चौबीस घंटे में शहर का न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक है। दिन में छाए बादल राहत दे रहे हैं, मगर रात का तापमान में लुढ़कने से रोकने की वजह से वही परेशानी का कारण बन रहे हैं।

- छाए बादल लुढ़कने नहीं दे रहा न्यूनतम तापमान

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार ओडिशा के ऊपर बने चक्रवाती घेरा और बंगाल की खाड़ी से निम्न स्तर पर आने वाली नमी के प्रभाव से मध्य इलाके का मौसम तीन चार दिनों से बदला हुआ है। दिन में छाने वाले बादल राहत का कारण बने हुए हैं, मगर रात में उसी वजह से न्यूनतम तापमान लुढ़कने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को भी दिन में बादल छाए रहे और तापमान सामान्य से साढ़े तीन डिग्री अधिक होने के बाद भी गर्मी का अहसास नहीं हुआ। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर तथा सरगुजा संभाग के एक दो हिस्सों में बारिश होती रही। अगले चौबीस घंटे में मौसम में किसी तरह का बदलाव होने की संभावना नहीं है। आने वाली नमी की वजह से प्रदेश में किसी भी शहर का तापमान बीस डिग्री से नीचे नहीं उतर रहा है। इनमें सार्थक गिरावट नवंबर के प्रथम सप्ताह में ही आने की उम्मीद है।

---

# शेयर ट्रेडिंग-क्रिप्टो करेंसी में इनवेस्टमेंट व आयरन सप्लाई के नाम पर ठगी, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शेयर ट्रेडिंग और क्रिप्टो करेंसी में इनवेस्टमेंट और आयरन सप्लाई के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह में शामिल चार आरोपियों को राजधानी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें 2 लोगों को वेस्ट बंगाल तथा रायपुर और महासमुंद से एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से पुलिस ने 3 कार, 6 मोटर साइकिल, एटीम कार्ड, सिम जप्त किया है। इसके साथ 40 से अधिक चालू बैंक खातों का पता लगाया गया है, जिसके माध्यम से लेनदेन किया जाता है।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देश पर साइबर पुलिस टीम द्वारा शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टो करेंसी में इनवेस्टमेंट और आयरन सप्लाई के नाम पर ठगी करने की दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर जांच करते हुए अलग-अलग साइबर फ्राड गिरोह के 4 आरोपियों को ⏭ शेष पेज 13 पर

## रायपुर-महासमुंद से एक-एक, दो वेस्ट बंगाल से गिरफ्तार



### आयरन सप्लाई के नाम पर हुई थी 43 लाख की ठगी

आयरन सप्लाई के नाम पर फर्जी ईवे बिल भेजकर 43 लाख रुपए की ठगी का मामला पंडरी थाने में दर्ज कराया गया था। किशोर राजदेव ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच में फर्जी बैंक खाता खोल ईवे बिल तैयार कर रकम ट्रांसफर करने वाले आरोपी सूरज सिंह 20 वर्ष निवासी नईमनगर फरीदपुर वर्धमान वेस्ट बंगाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सिम कार्ड, मोबाइल जप्त किया गया है।

### इनवेस्टमेंट के नाम पर हुई थी 21 लाख की ठगी

साइबर थाना में क्रिप्टो करेंसी में इनवेस्टमेंट कराने के नाम पर 21 लाख रुपए की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। यह ठगी निकिता पवार से हुई थी। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए बैंक खाता सप्लायर महेश जैस निवासी पंजाबीपारा महासमुंद को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से भी घटना में प्रयुक्त मोबाइल, सिम कार्ड जप्त किया है।

### दो लोगों से एक करोड़ 38 लाख की हुई थी ठगी

पुलिस अधिकारियों ने इन मामलों का खुलासा करते हुए बताया कि महेश चंदानी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 1 करोड़ 16 लाख रुपए की ठगी हुई थी। इस घटना की रिपोर्ट पंडरी थाने में दर्ज कराई गई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी कमल खट्टर 27 वर्ष निवासी राजीव नगर शंकर नगर रायपुर को गिरफ्तार किया है। कमल बैंक खाता का सप्लायर है। पुलिस ने इसके कब्जे से 3 कार, 6 मोटर साइकिल एवं ⏭ शेष पेज 13 पर

---

# मंदिरों से चांदी के मुकुट चोरी, धरा गया शातिर

**रायपुर।** मंदिरों से भगवान की मूर्ति पर सजे चांदी के मुकुट चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी केतन शाह कंचनगंगा फेस-2 रोहिणीपुरम का निवासी है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोई व्यक्ति चांदी के मुकुट बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इस सूचना पर पुलिस



ने आरोपी को पकड़कर उससे पूछताछ की तो पता चला कि उसने एक नहीं, बल्कि कई मंदिरों से चांदी के मुकुट चोरी किए हैं। पुलिस ने इसके बाद आरोपी के निशानदेही पर उसके घर से चांदी के 8 मुकुट बरामद किए है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसने ये मुकुट रामनगर हनुमान मंदिर, सिद्धार्थ चौक हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों से चुराए थे। पुलिस ने मामले में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# दीपावली प्रकाश और उल्लास का पर्व

हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपावली का पर्व न केवल हमारे जीवन में प्रकाश का संचार करता है, बल्कि हमारे हृदय और घरों को भी प्रेम, सौहार्द और खुशियों से भर देता है।

**असत्य पर सत्य की विजय-**

दीपावली हमें याद दिलाती है कि सत्य की सदा जीत होती है, जैसे भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या को लौटकर दीपावली मनाई थी।

**सफाई और सजावट का महत्व-**

दीपावली से पहले घर की सफाई और सजावट करना न केवल पर्यावरण की दृष्टि से सही है, बल्कि इसे सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है।

**मिठाइयों और पकवानों की महक-**

दीपावली पर घरों में बनने वाली मिठाइयाँ और पकवान न केवल स्वाद में अनोखे होते हैं, बल्कि ये परंपराओं की मिठास को भी बनाए रखते हैं।

**रंगोली और दीप सजावट-**

रंगोली, फूलों और दीपों से घर सजाकर त्योहार में रंग और रौनक भरना एक पारंपरिक उत्सव का अंग है।

**दीपों का महत्व-**

दीपक सिर्फ प्रकाश नहीं देते, बल्कि ये हमें अंधकार से प्रकाश की ओर प्रेरित करते हैं, हर दीया अपने आप में आशा और उमंग का प्रतीक है।

**प्यार और सौहार्द का संदेश-**

यह पर्व हमारे समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है, हमें सभी के साथ एकता में रहने की प्रेरणा देता है।

**पुनः ऊर्जा का संचार-**

दीपावली जीवन में नई शुरुआत का प्रतीक है, यह हमें पुरानी नकारात्मकता को पीछे छोड़ते हुए एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का सन्देश देती है।

दीपावली का यह पर्व आपके जीवन में खुशियाँ, सुख, समृद्धि और सकारात्मकता लेकर आए। आइए, इस दीपावली को प्रेम, शांति और एकता के दीप जलाकर और भी खास बनाएं।

मद्रासी ग्रुप ऑफ़ होटल्स
के मिन जानिब आप सभी को
दीपावली की पुरखुलूस मुबारक़बाद
Madrasi Since 1943
दीये जगमगाते रहें, सबके घर झिलमिलाते रहें,
साथ हो सब अपने सब यूँही मुस्कुराते रहें
Madrasi RESTAURANT
MALVIYA ROAD, RAIPUR. Mo : 9399021001
Madrasi's Grill Pack 'n' Pick — Opp Marine Drive. Ph : 9399021002
Madrasi's Bites — LIC Marg, Pandri Ph: 9399021003
Madrasi's HIGHWAY — Nr Bhatagaon Signal, Ph:9399021004
Madrasi Fried Chicken — Opp RKC, G.E.Road Ph:9399021005
sumit

दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
होम डेकोरेशन में
एक भरोसेमंद नाम
Ana Home Concepts



वॉसेस • आर्टिफैक्ट्स • वॉल आर्ट • मेटल आर्ट • सीनरीज़ • वॉल फ्रेम्स
आर्टिफिशियल फ्लावर्स • वर्टीकल गार्डन • म्यूरल्स • वाटर फॉउन्टेंस • स्टेच्यु
बुद्ध • देवी-देवताओं की मूर्तियां एवं कई अन्य आकर्षक आइटम्स
Mana Road, Deopuri, RAIPUR
Ph : 77460 09115, 93019 59289
For Bulk Order Contact 9340027909
sumit

दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
AMIN BROILER HOUSE
presents
100% HALAL FOOD
अमीन चिकन मार्ट
Amin Chicken Mart
अब चिकन लाने की चिंता को कहो अलविदा!
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
रायपुर में सबसे तेज़ चिकन की होम डिलीवरी कहाँ?
अमीन चिकन मार्ट में ! और कहाँ ?



BEST QUALITY
आज ही आर्डर करें
+91 78692-30882
रिंग रोड नंबर- 1, टिकरापारा, रायपुर : 78692-11141, 78692-11131
sumit

Happy Diwali
BAJAJ'S Cake Clock
INSTITUTE OF BAKING & CAKE




& Many more..
Certified Training For Cake Decoration & Baking
TRAINING INCLUDES:
• Cakes • Cake Decorations
• Baking • Small Chops
• Snacks Paper Rose
(Cake Beautifier) • Making of Chocolates • Sugar Sail etc.
"Once you know the basics of beautiful Cake & baking, you'll be able to create recipes to suit your project."
WHOLESALE SHOP OF CAKE BAKING, BAKERY ACCESSORIES, TOOLS & MOULDS
C-51, Near Dr Sandeep Bhargav, Shailendra Nagar
RAIPUR. Mob : 96440-31119, 88391-20290
sumit

इस धनतेरस संदीप ज्वेलर्स से सबसे सही भाव

शुद्धता एवं गुणवत्ता के साथ करें गहनो की खरीदारी

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं...

शुभ धनतेरस

मानक पथप्रदर्शक:

# आपका 33 सालों का विश्वास

# संदीप ज्वेलर्स

के साथ

## महोत्सव महीना

नवरात्री से छट पूजा तक

सोने और चांदी की खरीदी पर

## निशिचत उपहार पायें

चांदी की बनवाई मात्र ₹7

सोना की बनवाई पर 10% छूट

T&C Apply



## त्योहारों के महोत्सव माह में 1 लाख की खरीदी पर निशिचत ₹2024 का लाभ

मूलरतन प्लाजा, सुमीत बाजार के सामने, मेन रोड बीरगांव, रायपुर (छ.ग.)

पिनकोड - 493221, मो . 7694009601

# कपड़े ने पीछे छोड़ा सराफा को, गाड़ियां भी जमकर दौड़ीं

## धनतेरस पर बरसा धन, देर रात तक खुले रहे बाजार



"धनतेरस के शुभ मुहूर्त में लोगों ने मंगलवार को दिनभर जमकर खरीदारी की। बाजार के सभी सेक्टर में बिक्री के साथ देर रात तक रौनक रही। दिनभर मुहूर्त होने से सुबह 8 बजे सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स समेत कपड़ों व मोबाईल का बाजार खुल चुका था। धनतेरस पर खरीदार से घर में सुख समृद्धि आती है। ऐसे में लोग बर्तन, आभूषण, वाहन, प्रॉपर्टी, कपड़ों आदि की खरीदारी करते हैं। दुकानों में भारी भीड़ होने के कारण लोगों को खरीदारी करने में घंटों का समय लगा। इस बार धनतेरस में आटोमोबाइल और कपड़ा मार्केट ने 100 करोड़ का सर्वाधिक कारोबार हुआ है। इसके बाद सराफा बाजार है।



### नेकलेस, कंगन की बिक्री अधिक

सराफा बाजार भी धनतेरस में चमक उठा और लोगों ने जमकर खरीदारी की। इस वर्ष सराफा संस्थानों में सोने के सिक्कों की तुलना में मंगलसूत्र, चैन, नेकलेस, कंगन सहित अन्य आभूषणों की बिक्री ज्यादा हुई। संस्थानों में बनवाई में छूट का ऑफर दिया गया। विशेषकर डायमंड के गहनों में ज्यादा छूट दी गई। त्योहारी व शादी सीजन के हिसाब से पारंपरिक गहनों के साथ ही नए फैशन के गहनों की रेंज सराफा संस्थानों में उपलब्ध कराए गए।





### सबसे ज्यादा बिक्री सिक्कों और बर्तनों की

धनतेरस के अवसर पर बाजार में सिक्कों और बर्तनों की बिक्री अधिक रही। इसके अलावा लोगों ने परंपरानुसार बाजार में सोने-चांदी के सिक्के, स्टील, तांबे और पीतल के बर्तन खरीदे। कई लोगों ने मान्यतानुसार कांसे के बर्तन भी खरीदे। ग्राहकों की पसंद पीतल और कांसा के अलावा डिजाइनर, मैट फिनिस कलर कापर, इंडक्शन बेस्ड एल्यूमीनियम के बर्तन रहे। बर्तन कारोबारी रमेश सिंघल ने बताया कि स्टील की थाली, कटोरी, गिलास व पूजा के बर्तन अधिक खरीदे गए। स्टील के बर्तन 200 से 800, पीतल के 600 से 700 और तांबे के बर्तन 900 से 1000 रुपये प्रति किलो में बिके।



**रायपुर।** व्यापारियों का कहना है कि रायपुर से 75 से 80 करोड़ के बीच सराफा का बाजार रहा है। अनाज व बर्तन का कारोबार भी एक दिन में 6 करोड़ तक बताया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार धनतेरस में लोग देर रात तक खरीदारी करते रहे। दूसरी ओर दीपावली से पहले गेंदा फूल की कीमत भी बढ़ गई है। फूल चौक में लोगों ने घर सजाने के लिए 80 रुपए किलो गेंदा का फूल खरीदा। फूल कारोबारी का कहना है कि दीपावली तक गेंदा 100 रुपए किलो भी जा सकता है। लोगों ने एडवांस में फूल की बुकिंग कराई है। इस बार छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ नागपुर और कोलकाता से भी बड़ी संख्या में फूल आए हैं।

### 11 हजार दीपक से जगमग हुआ श्री श्याम खाटू दरबार

*रायपुर। समता कालोनी स्थित श्री श्याम खाटू मंदिर में धनतेरस के दिन सुबह से रात तक उत्सव का माहौल रहा। सुबह विशेष पूजन के बाद भक्तों ने खाटू दरबार के सामने प्रांगण में आकर्षक रंगोली सजाई। पंडित बालगोविंद पांडेय के मार्ग-दर्शन में धनवंतरि पूजा की गई। उन्होंने बताया, दिनभर रंगोली सजाने के बाद शाम को आरती-पूजन से पहले भक्तों ने 11 हजार दीपों की विशाल श्रृंखला सजाई। इसके पहले मंदिर में आकर्षक लाइटिंग की गई।*



## रंगोली के जरिए रतन टाटा को श्रद्धांजलि



रायपुर। इस दीपावली घरों में अनुभवी कलाकारों द्वारा रंगोली तैयार कराई जा रही है। श्रीकृष्ण व राधा रानी, भगवान शंकर, श्री गणेश, माता लक्ष्मी व माता पार्वती की रंगोली तैयार कराई जा रही है। रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से कुछ स्थानों पर उनकी रंगोली भी तैयार की गई है। अंतरराष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्रमोद साहू ने बताया, राजधानी में 12 स्थानों में भव्य पैमाने पर रंगोली तैयार की जा रही है। एक रंगोली को तैयार करने में 4-5 लोगों की मदद ली जा रही। जिसे पूर्ण रुप से तैयार होने में 6-20 घंटे का वक्त लग रहा है। इसमें एक रंगोली भाटापार में तैयार की गई है, जो रतन टाटा की है। इसके अलावा चौबे कॉलोनी, समता कॉलोनी, मारुती लाइफ स्टाइल, गायत्री नगर, शंकर नगर में भी रंगोली बनाई जा रही है।



### 26 हजार से ज्यादा दोपहिया बिक्री

कारोबार का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि दिन ढलने के बाद भी सदर बाजार, पंडरी, मालवीय रोड में भारी भीड़ रही। आटोमोबाइल सेक्टर में एक ही दिन में प्रदेशभर में 26 हजार से ज्यादा दोपहिया और चार हजार से ज्यादा कारों की बिक्री होने का अनुमान है। इलेक्ट्रॉनिक समान व मोबाइल की कई दुकानों व शोरूम में रात तक खरीदारी जारी रही। ग्राहकों को मोबाइल के साथ कई तरह के उपहार भी दिए जा रहे है।



### घर सजाने आर्टिफिशियल फूल बनी पसंद

फुटपाथ पर घरों को सजाने का सामान बिकता रहा। लोग घर की सजावट के लिए जमकर खरीदारी दी। घर को सजाने के लिए अलग-अलग तरह की लाइटें बाजार में मिल रहीं हैं। लकड़ी से लेकर मिट्टी के सामानों की खरीदारी भी लोग कर रहे हैं। लोग फ्लावर पॉट और प्लास्टिक के आर्टिफिशियल फूल खरीदना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

### ऐसा रहा धनतेरस पर बाजार

- सराफा - 75 से 80 करोड़
- आटोमोबाइल- 110 करोड़
- कपड़ा - 120 करोड़
- इलेक्ट्रानिक्स- 30 करोड़
- मोबाइल - 70 करोड़
- बर्तन- 6 करोड़





## दीपदान उत्सव... जगन्नाथ मंदिर में श्रीकृष्ण व माता यशोदा की अद्भुत झांकी



**रायपुर।** सुंदर नगर स्थित श्री जगन्नाथ इस्कॉन मंदिर में कार्तिक माह में दीपदान उत्सव जारी है। यहां माता यशोदा द्वारा श्रीकृष्ण को ऊखल से बांधने की लीला, जिसे 'दामोदर लीला' कहा जाता है, के दर्शन मंदिर में किए जा सकते हैं। मंदिर परिसर में माता यशोदा व श्री कृष्ण की एक मनमोहक झांकी भक्तों को मोह रही है। वहीं वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में धनतेरस से पहले ही विशेष सजावट कर ली गई है। रंगीन रोशनी से जगमगाते मंदिर में मंगलवार शाम विशेष श्रृंगार संग पूजा-आरती की गई। इससे पहले मंदिर में अलग-अलग स्थानों पर 51 दीए भी जलाए गए। मंदिर के मुख्य पुजारी हनुमंत लाल ने बताया कि यह क्रम देवउठनी एकादशी तक जारी रहेगा। दीपावली की शाम 2100 दीपों की श्रृंखला सजाई जाएगी। इसके बाद भक्तों द्वारा परिसर में हर साल की तरह परंपरागत रुप से उत्सव मनेगा।

**2100 दीयों से रोशन होगा राम मंदिर**


### स्वास्थ्य और आरोग्य की कामना

श्री महामाया देवी मंदिर में धनतेरस से दीपोत्सव की प्रक्रिया शुरू की गई। मंदिर के लेखापाल भावेश शुक्ला ने बताया कि धनत्रयोदशी को सायंकाल मंदिर परिसर में मिट्टी के तेरह दीए जलाकर भगवान धन्वंतरि से स्वास्थ्य और आरोग्य की कामना की गई। दीपावली में पांच दिवसीय उत्सव में प्रतिदिन श्री महामाया देवी एवं श्री समलेश्वरी देवी का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया जाता है। पर्व विशेष के दिनों में श्रृंगार की संपूर्ण व्यवस्था श्री मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा की जाती है। इस बार भी रंगीन लाइटों से मंदिर परिसर को सजाया गया है।

## शिल्पकला में पारंगत बंदियों ने बनाए मिट्टी के दीए व ग्वालिन, नारियल की आकृति में कलश

केन्द्रीय जेल के बंदियों ने तैयार की सामग्री, इन्हें बेचने लगाए गए हैं स्टॉल

**रायपुर।** इन दिनों जेल परिसर में संचालित पेट्रोल पंप व मंगोड़ी सेंटर के बीच सजाया गया स्टॉल आकर्षण का केन्द्र बना है। आते-जाते लोगों को बंदियों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के आकर्षक दीए, कलश, ग्वालिन दीए के साथ ही लक्ष्मी का मूर्ति भी पसंद आ रही है। तैयार की गई ज्यादातर पूजा सामग्री चार दिनों में ही बिक गई। इसे बेचने के लिए स्टॉल की जिम्मेदारी संभालने वाले राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि जेल के उद्योग विभाग की मदद से दशहरा के पहले ही जरूरी सामान मंगाया गया था। इसे मिट्टी शिल्प की जानकारी रखने वाले सात बंदियों ने दशहरा के बाद बनाना शुरू किया। इससे प्राप्त होने वाली राशि शासन को भेजी जाएगी। यह क्रम विगत 18 साल से चल रहा है।



### ग्वालिन मूर्ति की रही डिमांड

इस बार बंदियों ने ग्वालिन मूर्ति के साथ दीए को संयुक्त रूप से तैयार किया है। इसे लोगों ने पहली पसंद में रखते हुए खरीदा। तैयार की गई 100 मूर्तियों में सबसे ज्यादा मांग ग्वालिन दीए की रही। अभी लक्ष्मी की मूर्ति 60 से 200 रुपए प्रति नग की दर से बिक्री के लिए रखी गई है। इस लक्ष्मी की मूर्ति को बंदियों ने आकर्षक स्वरूप दिया है। इसमें किसी प्रकार के घातक केमिकल की बजाय हर्बल रंगों से तैयार किया है, इसे लोग पसंद भी कर रहे हैं।



### बाजार की तुलना में कम है दाम

बंदियों ने इस बार नारियल की आकृति में कलश तैयार किया है, इसे नारियल की रंगत देने के लिए कलर करने के साथ ही इसमें 3 एवं 5 दीए भी बनाए गए हैं। पूजा में उपयोग के लिए लोग इसे खरीदना पसंद कर रहे हैं। कम दाम यानी 50-60 रुपए में मिलने से लोग तुरंत खरीद रहे हैं। यहां 10 रुपए दर्जन में दीए की बिक्री हो रही है। खास तौर से डिजाइन किए गए दीए भी लोगों की पहली पसंद है, यह सामग्री भी कम बची है।

## खबर संक्षेप



### मंत्री ओपी को किसान ने पहनाया धान का हार


रायपुर। मंत्री ओपी चौधरी को किसान ने धान का हार पहनाया और दिवाली की बधाई दी। इस पर खुशी जाहिर करते मंत्री श्री चौधरी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, छत्तीसगढ़ म देवारी ले धान के फसल पक के तइयार हो जथे। जम्मो डहर सोन कस धान के बाली लहलहाथे। ये मउका म धान के पूजा करे के अऊ धान के बाली ल दुआरी म लगाए के परंपरा हे। रइपुर के किसान भाई पटेलजी ह धान के माला पहिरा के तिहार के बधई दिस। जम्मो भाई-बहिनी मन ल देवारी के बधई।

### चैंबर का दीपावली मिलन समारोह 1 नवंबर को

रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का दीपावली मिलन समारोह 1 नवंबर को दोपहर 1 बजे बांबे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल व्यापार भवन में आयोजित है। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी,कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने प्रदेश के व्यापारियों सहित संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों को दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है। साथ ही चैंबर परिवार को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी है।

## निधन

### किशनचंद नाहटा



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी किशनचंद नाहटा का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे विवेकानंद नगर जैन मंदिर के लिए निकलेगी। वे महावीर और प्रवीण के पिता थे।

### कमला देवी गांधी



रायपुर। ग्राम मढ़ेली निवासी कमला देवी गांधी का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अक्टूबर को जामगांव से सुबह 11 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे हरीश, राजेन्द्र एवं प्रमोद गांधी की माता थीं।

### अशोक राव जाधव



रायपुर। रामनगर केलकर पारा निवासी अशोक राव जाधव (81) का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अमित, आशीष, अविनाश, अखिल, अभय, अभिनव के पिता थे।

# रन फॉर यूनिटी : मुख्यमंत्री साय ने मंत्रियों के साथ लगाई दौड़

## कहा- सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है रन फॉर यूनिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को तेलीबांधा तालाब स्थित मरीन ड्राइव में राजधानीवासियों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब ने भी दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफ कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। स्वतंत्रता के बाद उन्हीं के प्रयासों से रियासतों को एक करके उन्हें स्वतंत्र भारत में शामिल किया गया। सरदार पटेल ने भारत की अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

### एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश

मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि यह पावन दिन हमें अपने देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने की प्रेरणा देता है। सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश देती है। सरदार पटेल ने देश की अखंडता के लिए 500 से अधिक रियासतों को एक बनाया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर आगे बढ़ें। गौरतलब है कि इस वर्ष दीपावली उत्सव को देखते हुए 29 अक्टूबर को ही राष्ट्रीय एकता दिवस और रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।



### राष्ट्र को किया एकजुट

सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी के आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के मंत्र को भी देशभर में फैलाना है। सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को धनतेरस, दीपावली, राज्य स्थापना, अन्नकूट और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं।

# लोन पटाने कंपनी ने इतना बनाया दबाव, कस्टमर ने कर ली खुदकुशी

## परिजनों ने दफ्तर के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोन देने के बाद उसकी रिकवरी करने के लिए अक्सर कई प्राइवेट बैंक और फाइनेंस कंपनियां अपने कस्टरों के साथ ऐसा सख्त रवैया अपनाती हैं, जिसके कारण कस्टमर को मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ता है। कई कस्टमर इस प्रताड़ना को सहन भी करते हैं, लेकिन जो नहीं कर पाते वे आत्महत्या जैसा कदम भी उठा लेते हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर में आया है। फाइनेंस कंपनी के एजेंट की प्रताड़ना से तंग आकर एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने शव को कंपनी के दफ्तर के सामने रखकर प्रदर्शन भी किया। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद प्रदर्शन को समाप्त कर दिया।

पारस नगर फाफाडीह निवासी मृतक नितेश दुबे ने सोमवार रात को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने मंगलवार सुबह शव का पंचनामा कार्यवाही कर उसका पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम कराने के बाद देर शाम को जब शव मृतक के परिजनों को मिला, तो वे एंबुलेंस से शव को लेकर घर नहीं जाकर सीधे नेहरू नगर पुलिस लाइन के सामने संचालित आरडीके ग्लोबल फाइनेंस कंपनी कार्यालय पहुंचे और यहां शव को कार्यालय के बाहर निकालकर मुआवजा राशि और कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही



कोतवाली पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईश देकर गंज थाना जाने के लिए कहा। परिजन इसके बाद एंबुलेंस लेकर सीधे गंज थाना पहुंचे, जहां कंपनी के खिलाफ केस दर्ज करने और मुआवजा राशि की मांग करने लगे। थाना प्रभारी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि मामले की जांच की जाएगी। जांच में अगर फांसी का कारण प्रताड़ना से होना पाया गया, तो इस मामले में केस भी दर्ज किया जाएगा। थाना प्रभारी की समझाइश के बाद परिजन शव को लेकर अपने घर लौट गए।

### जांच में लिया है मामला

इस मामले को जांच में लिया गया है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। *- लखन पटेल, थाना प्रभारी गंज*

### ई-रिक्शा खरीदने मृतक ने कंपनी से लिया था लोन

गंज पुलिस के अनुसार मृतक नितेश ई-रिक्शा चलाता था। उसके परिजनों का कहना है कि ई-रिक्शा खरीदने के लिए ही उसने फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था। लोन लेने के बाद वह उसकी किस्त पटा नहीं पा रहा था। कंपनी के एजेंट द्वारा उसे लोन राशि की रिकवरी के लिए बार-बार तकादा किया जा रहा था। इसी से परेशान होकर उसने खुदकुशी की है।

# नाबालिग बेटे ने सौतेले पिता को चाकू मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नाबालिग ने अपने सौतेले पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी। पिता और पुत्र के बीच पिछले दो दिनों से विवाद चल रहा था। मंगलवार की रात करीब 8 बजे दोनों गेट नंबर-2 पर स्थित एटीएम के पास फिर भिड़ गए। इस दौरान पिता ने बेटे की जमकर पिटाई कर दी। इससे नाराज होकर बेटे ने चाकू निकाला और पिता के गले पर हमला कर दिया। इससे पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

- रेलवे स्टेशन परिसर में सरेआम हत्या से मचा हड़कंप

सरेआम हत्या की घटना से स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी भेजा गया। जीआरपी मामले की जांच कर रही है। जीआरपी डीएसपी एसएन अख्तर के मुताबिक, सलमान (40) अपने नाबालिग सौतेले बेटे के साथ गुढ़ियारी में रहता था। पिता-पुत्र अक्सर स्टेशन परिसर में ही घूमते दिखते थे।



### इस बात पर हुआ विवाद

सलमान करीब एक माह से किसी महिला घर आता-जाता था। दो दिन पहले उसने उसी महिला के साथ किसी बात को लेकर मारपीट कर दी। इससे महिला का सिर फट गया था। इस बात से उसका नाबालिग बेटा नाराज हो गया। वह अपने पिता से झगड़ा करने लगा कि उसने महिला के साथ मारपीट क्यों की है। मंगलवार को दोनों शराब के नशे में धुत होकर स्टेशन परिसर में मारपीट करने लगे। मृतक के पास चाकू था। उसी को छीनकर नाबालिग बेटे ने उसके गले पर वार कर दिया। वार इतना जबरदस्त था कि घटनास्थल पर ही सलमान की मौत हो गई।

# चार सौ बच्चों को दी मिठाई, पटाखे भी बांटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानव सेवा माधव सेवा के तहत सिंधी साहित बिरादरी मंडल द्वारा 8 बस्तियों में जाकर करीब 400 बच्चों को फ्रूट्स, स्वीट्स, बिस्किट, पटाखे दिए गए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि उनके चेहरे पर जो मुस्कान दिख रही थी, उससे हमें जो दुआए मिलीं, वही हमारे जीवन में काम आएंगी।

इस दिवाली मुहिम में अपने यार-दोस्तों, रिश्तेदारों को भी शामिल करें। इसी कड़ी में सिंधी साहिति बिरादरी मंडल महिला विंग ने दिव्यांग बच्चों के स्कूल लिली चौक में जाकर उनके साथ दिवाली मनाई और सेनेटरी पैड और फ्रूट्स दिए। निशा, पूजा हेमानी, किरण, भावना तहलयानी, जया अजवानी, कशिश हेमानी के अलावा दिनेश अजवानी, सतीश छुगानी, मनोहर छुगानी, शुभम, नरेश लालवानी, नरेश दानवानी, सुनील अजवानी, नरंद्र हरचंदानी शामिल हुए।

# 10 जगहों पर10 फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन, पहला स्टेशन बूढ़ापारा स्टेडियम परिसर में, टेस्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम द्वारा इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से शहर में 10 फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन तैयार किया जाएगा। इससे नागरिकों को अपने इलेक्ट्रिकल व्हीकल के चार्जिंग में आसानी होगी। पहले चार्जिंग स्टेशन की सोमवार को बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम परिसर में टेस्टिंग की गई। इसी तरह 10 दिन के अंदर नेताजी सुभाष स्टेडियम के सामने दूसरा और गांधी उद्यान के पास तीसरा ईवी चार्जिंग स्टेशन में टेस्टिंग शुरू करने की तैयारी है।

- इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के साथ नगर निगम की पहल



नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम शहर में पर्यावरण संरक्षण के लिए 10 ईवी चार्जिंग स्टेशन इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के साथ मिलकर शुरू करने जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में सुधार के साथ ही आम जनता को सहज तरीके से फास्ट ईव्ही चार्जिंग स्टेशन की सुविधा मिलने लगेगी। दीपावली से पूर्व राजधानी में पहले फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन की इंडियल ऑयल के अधिकारियों की मौजूदगी में टेस्टिंग शुरु हुई। इसी तरह महीने भर में मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार और जीई रोड स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी के पास फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरु किया जाएगा। बाकी के 5 अन्य स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन खोलने स्थल चयन किया जाना बाकी है।

## पेज 09 के शेष ...

### तीन एसटीपी के काम...

तालाब और खो-खो तालाब में 1-1 एमएलडी एसटीपी निर्माण कार्य कराया जा रहा जो कि बहुत धीमा है। माहभर पूर्व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों व ठेकेदारों की बैठक में स्मार्ट सिटी के प्रबंधक संचालक ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान एसटीपी निर्माण कार्य में लेटलतीफी को लेकर संबंधित एजेंसी को जमकर फटकार भी लगाई। इसके बाद भी काम में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर अंतिम नोटिस दिया गया।

### शेयर ट्रेडिंग-क्रिप्टो...

गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो आरोपी शेयर ट्रेडिंग गिरोह के साइबर हैं, वहीं एक क्रिप्टो करेंसी और एक आयरन सप्लाई के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का है।

**सभी न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल :** साइबर ठगी मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### दो लोगों से एक...

मोबाइल-सिम जब्त किया है। कमल के 40 चालू बैंक खातों का भी पता लगाया गया है, जिनमें ठगी की राशि का लेनदेन किया जाता है। इसी प्रकार एक अन्य मामले में प्रार्थी प्रमोद बजाज से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 22 लाख रुपए की ठगी हुई थी। साइबर थाना पुलिस इस मामले में पूर्व में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच के दौरान अब तापस बेनर्जी 26 वर्ष निवासी टेंडल बागान रोड हावड़ा वेस्ट बंगाल को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मोबाइल, सिम कार्ड जप्त किया है। इसके साथ ही आरोपी का बैंक खाता भी मिला है।

### सड़क नहीं, धरसींवा तक...

अधिकारियों के साथ समन्वय कर इसे हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा घोषित अन्य 'ग्रीन ज़ोन' क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा पहुंच विहीन स्वास्थ्य केंद्रों तक आवश्यक दवा पहुंचाने के उद्देश्य से इस योजना को काफी समय पहले हरी झंडी दी गई थी। विभिन्न प्रक्रियाओं के तहत मामला अटका हुआ था, जिसे पूरा करने के बाद 29 अक्टूबर को इसका औपचारिक उद्घाटन किया गया। ड्रोन सेवा के औपचारिक उद्घाटन के दौरान वहां एम्स के चिकित्सकीय स्टाफ के साथ छात्र भी उपस्थित थे।

**आठ माह पहले अंबिकापुर में ट्रायलः** आठ माह पहले राज्य शासन द्वारा सरगुजा जिले में इस योजना का ट्रायल किया गया था। उदयपुर के स्वास्थ्य केंद्र से ब्लड सैंपल जांच 40 किमी दूर शासकीय अंबिकापुर मेडिकल कालेज भेजी गई थी। उस दौरान प्रोजेक्ट को सफल माना गया था और बाद में प्रदेशभर के दूरवर्ती इलाकों में इसे लागू करने की योजना थी, मगर तकनीकी दिक्कतों की वजह से काम शुरू नहीं हो पाया था।



















## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका ने दी दीपावली की बधाई



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने दीपों के पंच पर्व धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व के लिए देश एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार हमारी समृद्ध वैभवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है। त्योहारों का यह अवसर हमें समाज में एकता, सद्भाव और प्रेम का संदेश देता है। यह त्योहार समस्त नागरिकों के लिए मंगलमय हो और उनका जीवन सुख-समृद्धि से भरपूर हो।

### बदले गए अपर, संयुक्त और डिप्टी कलेक्टर




**रायपुर।** राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक शिव कुमार बनर्जी अपर कलेक्टर बिलासपुर को उपसचिव मंत्रालय, राम प्रसाद चौहान मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिलासपुर को उपसचिव मंत्रालय, उमेश कुमार पटेल को अवर सचिव राजस्व और आपदा को वाणिज्य और उद्योग विभाग मंत्रालय, श्रीकांत वर्मा संयुक्त कलेक्टर कोरबा को अतिरिक्त संचालक पंचायत संचालनालय, दुष्यंत कुमार संयुक्त कलेक्टर सक्ती को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण, अनुपम आशीष टोप्पो डिप्टी कलेक्टर को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिप्स में पदस्थ किया गया है।

### कांग्रेस प्रवक्ता भंसाली होंगे साउथ नागपुर के समन्वयक

**रायपुर।** एआईसीसी ने महाराष्ट्र के 43 विधानसभा में समन्वयक नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नितिन भंसाली को साउथ नागपुर का कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का आभार जताया है।

### जनसंपर्क आयुक्त ने ली कामकाज की जानकारी

**रायपुर।** जनसम्पर्क संचालनालय के नव पदस्थ आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ संवाद के सभा कक्ष में जनसम्पर्क संचालनालय एवं संवाद के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों से विभागीय कार्यकलापों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों से शासन की योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संचालक जनसम्पर्क अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक जेएल दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, हर्षा पौराणिक, संतोष मौर्य सहित संचालनालय के संयुक्त संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक सहित संचालनालय एवं संवाद के अधिकारी मौजूद थे।

# 50 से कम सदस्य होने पर नहीं हो पाएगा बूथों में भाजपा संगठन का चुनाव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए सभी जिलों में चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। अगले माह सदस्यता अभियान के समाप्त होने के बाद सबसे पहले बूथ कमेटियों का चुनाव होगा, लेकिन इस चुनाव के लिए यह जरूरी है कि बूथ में कम से कम भाजपा के 50 सदस्य होने चाहिए, जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर बूथ कमेटियों का चुनाव नहीं हो सकेगा। सदस्यता अभियान में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारी संख्या में ऐसे बूथ हैं, जहां 50 से कम सदस्य बने हैं। इसको लेकर पार्टी ने फरमान जारी किया है कि ऐसे बूथों में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले हर हाल में 50 सदस्य बना लिए जाएं।

भाजपा का राष्ट्रीय स्तर के साथ प्रदेश में भी इस समय सदस्यता अभियान चल रहा है। इस अभियान के 15 ननंबर को समाप्त होने के बाद भाजपा का संगठन चुनाव प्रारंभ होगा। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन ने जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव अधिकारी तय कर दिया है, वहीं सभी राज्यों में जिला स्तर पर चुना अधिकारी बना दिए गए हैं।

## अगले माह से प्रारंभ होगा भाजपा का संगठन का चुनाव



### बूथों पर पहले होगा चुनाव

भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव होगा। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। भाजपा ने सदस्यता अभियान में हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन अभी दिल्ली में जो सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई उसमें यह बात सामने आई है कि प्रदेश में सैकड़ों बूथ ऐसे हैं जहां पर 50 से भी कम सदस्य बने हैं। ऐसे बूथों में बूथ कमेटियों का चुनाव ही नहीं हो सकेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में कई बूथ ऐसे हैं जहां पर मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। ऐसे बूथों को छोड़कर ज्यादा संख्या वाले बूथों में हर हाल में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले 50 सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। जहां पर सदस्यता अभियान के बाद भी 50 सदस्य नहीं बन पाएंगे उन बूथों में चुनाव नहीं होगा। बूथों में चुनाव के लिए 20 से 30 नवंबर की समय सीम तय की गई है। इसके बाद मंडल और फिर जिलों में चुनाव होंगे। अंत में प्रदेशाध्यक्ष का फैसला होगा। सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

## सुनील सोनी के वायरल वीडियो पर बवाल

# शिवरतन बोले- फेक वीडियो से कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा बेनकाब






**हरिभूमि न्यूज : रायपुर**

रायपुर दक्षिण के चुनाव संचालक पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा ने कहा, फेक वीडियो से कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा बेनकाब है। रायपुर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के वायरल वीडियो मामले कांग्रेस अपने ही फैलाए जाल में फंस गई है। ताजा मामले में कांग्रेस ने वीडियो में दिखाए गए मौलाना को पत्रकारों के समक्ष लाकर यह स्वीकार कराया की वीडियो सही है।

श्री शर्मा ने कहा, उन्हीं मौलाना ने पत्रकार वार्ता के बाद कांग्रेस भवन में ही यह भी स्वीकार किया कि, वीडियो को एडिट किया गया है। उन्होंने अपना नाम शोएब बताया है और कहा, फोटो 2019 की है। तब सुनील सोनी जी उससे मिले थे। लेकिन वीडियो को एडिट किया गया है। उन्होंने मेरा गाल नहीं चुमा था। श्री शर्मा का कहना है, पहले एआई की मदद से फेक वीडियो बनाया फिर मौलाना से जबरदस्ती यह कहलवाया कि वीडियो असली है। लेकिन कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि वो चाहे जितनी कोशिश कर ले सच्चाई छुप नहीं सकती है। उन्होंने कहा, ओछी राजनीति से चुनाव नहीं जीता जाता है कांग्रेस का चाल, चरित्र चेहरा पूरा देश जनता है। इसीलिए कांग्रेस खात्मे के रास्ते पर है और आने वाले समय में रायपुर दक्षिण की जनता भी उसको आईना दिखा देगी।


### कांग्रेसी नेताओं ने कहा- हमारे प्रवक्ता ने वीडियो नहीं बनाया

*कांग्रेस नेताओं कहा, सुनील सोनी के साथ भाईजान की तस्वीर हमारे प्रवक्ता ने शेयर की, ऐसा झूठा आरोप लगाकर एफआईआर की गई है। उन्होंने कहा, बृजमोहन की पूरी टीम अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा से लेकर रायपुर दक्षिण के नेता सिविल लाइन थाना पहुंचकर एफआईआर कराने के लिये आवेदन दिये हैं। हमारे प्रवक्ता ने कोई वीडियो नहीं बनाया, वह पहले से वायरल है। इस चुनाव की शुरुआत में ही इतना भय भारतीय जनता पार्टी को दिख रहा है। प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, धनेंद्र साहू और सत्यनारायण शर्मा मौजूद थे। उन्होंने कहा, अगर एफआईआर होना है, तो कल ही शासकीय कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय ने प्रशासन के खिलाफ सुसाइड नोट लिखा हुआ है। ऐसी प्रशासनिक अराजकता क्यों? विप्र समाज के लोगों ने भी आपत्ति दर्ज की है और मांग की है, तत्काल उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये।*

### शोएब ने कहा- सुनील गले मिले, माथा चूमे थे

शोएब ने कहा कि दो अप्रैल 2019 को सुनील सोनी आये थे मुझे माला पहनायें, गले लगाये एवं चूमे थे। फोटो फेक नहीं है, हमारे साथ ये वाकया हुआ था। भाजपा नेताओं और मंत्रियों से मुलाकात होती रही है, मुख्यमंत्री से मिलने उनके निवास भी गया था।

# दस एकड़ में बनेगा 100 बेड का केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान



प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुवल शिलान्यास, दो साल में होगा तैयार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

*गैर संचारी रोगों के उपचार की सुविधा प्रदान करने वाला राज्य का पहला योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र राजधानी में स्थापित होगा। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका वर्चुवल शिलान्यास किया। दस एकड़ में बनने वाले सौ बिस्तर के इस चिकित्सकीय संस्थान का निर्माण दो साल में किया जाएगा। शिलान्यास के दौरान प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश अपनी पुरानी पद्धतियों को संजोकर लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के रूप में जो उपहार दिया है उसे आने वाली पीढ़ियां भी याद करती रहेंगी। इस अनुसंधान केंद्र के स्थापित हो जाने के बाद राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान रायपुर को केन्द्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (सीसीआरवायएन) के तहत स्थापित किया जा रहा है। 90 करोड़ रूपए की लागत से इस संस्थान का निर्माण 24 माह में पूरा होगा। राज्य सरकार ने इस संस्थान के लिए 10 एकड़ की भूमि विभाग को उपलब्ध करा दी है। कार्यक्रम के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक, पुरंदर मिश्रा, विधायक खुशवंत साहेब, विधायक मोती लाल साहू, आयुष विभाग के अधिकारी एवं आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।*

# राज्योत्सव का उद्घाटन करेंगे एमपी के सीएम, समापन में आएंगे उपराष्ट्रपति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**





छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव पर नवा रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह में मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं 6 तारीख को होने वाले समापन समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य के जिलों में 5 नवंबर को एक दिन का राज्योत्सव मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में हर साल एक नवंबर से राज्योत्सव शुरु होता है। लेकिन इस बार दीपालवी,गोवर्धन पूजा, भाईदूज का त्यौहार होने के कारण सरकार ने तय किया है कि राज्योत्सव 4 नवंबर से मनाया जाएगा। यह आयोजन नवा रायपुर में तीन दिनों का होगा। तीसरे दिन 6 तारीख को राज्य अलंकरण पुरस्कार बांटे जाएंगे। दूसरी ओर जिलों में एक दिन का राज्योत्सव रखा गया है। यह आयोजन सभी जिलों में 5 नवंबर को होगा।

### राज्योत्सव में होंगे ये कार्यक्रम

संस्कृति संध्या में वॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता आकर्षण का केंद्र होंगे। सांस्कृतिक संध्या में 4 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर श्री शांतनु मुखर्जी (शान) का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 5 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन का कार्यक्रम होगा। 6 नवंबर की शाम को इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

**6 को राज्य अलंकरण समारोह** : राज्योत्सव के आखिरी दिन 6 नवंबर को राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रमुख विभागीय योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। निजी संस्थानों और पीएसयू संस्थानों के लिए भी हैंगर बनाया जाएगा। कृषि और जल संसाधन विभाग द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में विभागों की नई योजनाएं प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। राज्योत्सव आयोजन स्थल पर शिल्पग्राम, फूड कोर्ट भी बनाया जाएगा। यहां ट्राइबल फूड भी उपलब्ध होगा। बच्चों के लिए फन पार्क भी बनाया जाएगा जहां विभिन्न झूले होंगे।

# अब स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली 3 तक चलेगा राष्ट्रीय अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

इस साल पहली बार स्वच्छ दिवाली- शुभ दिवाली अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 3 नवंबर तक चलेगा। खास बात ये है कि यह अभियान भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। यह अभियान छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में चलाया जा रहा है। इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को अभियान के संचालन के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। 28 अक्टूबर से शुरू हुआ ये अभियान 3 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान चार प्रमुख गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

- सभी नगरीय निकायों में चलेगा ये अभियान
- दिवाली के 24 घंटे के भीतर होगी सफाई

### ये हैं चार प्रमुख गतिविधियां




अभियान के तहत स्वच्छता लक्षित इकाईयों का रूपांतरण किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों को स्वच्छता लक्षित इकाईयों की पहचान जारी रखने तथा योजनाबद्ध तरीके से उनकी सफाई और रूपांतरण किया जाएगा। स्वच्छता अभियानों का संचालन के तहत कचरा मुक्त शहर के लक्ष्य की पूर्ति के लिए शहर की स्वच्छता को बनाए रखने और नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीवाली के बाद 24 घंटे के भीतर विशेष सफाई अभियान आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में ट्रिपल आर केंद्रों का संचालन किया जाना है। इस अभियान के तहत निकायों के हर वार्ड में एक ट्रिपल आर केंद्र स्थापित होगा। जिसमें घरों से निकलने वाली अनुपयोगी सामग्री को जमा कर वार्डवार जागरूकता अभियान संचालित कर व्यापक-प्रचार प्रसार किया जाएगा। नागरिकों द्वारा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। चार प्रमुख गतिविधियों में स्वच्छता में भागीदारी भी शामिल है। इसके तहत कचरामुक्त दिवाली मनाने के लिए बाजार संघों, व्यावसायिक, आवासीय संघों, वार्ड समितियों, एसएचजी, एनजीओ और नागरिक संगठनों, यूथ क्लबों, सामाजिक धार्मिक संगठनों की सहभागिता से स्वच्छ, ग्रीन, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय कला, कारीगरों और व्यवसायों को बढ़ावा दिया जाएगा।

# देवेंद्र से जेल में मिले टीम राहुल के सदस्य बायजू और प्रतिष्ठा

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु ने भी की मुलाकात





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

बलौदाबाजार मामले में जेल में बंद देवेंद्र यादव से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के टीम के सदस्य एबी बायजू और डॉ. प्रतिष्ठा सिंह ने सोमवार को मुलाकात की। बताया गया है कि उनके आने और जेल में मिलने की जानकारी पीसीसी को नहीं थी। जेल के रजिस्टर में इन दोनों के नाम की इंट्री है। बताया जाता है कि दोनों दिल्ली से यहां पहुंचकर सीधे जेल में मिलने गए। उन्होंने देवेंद्र से क्या चर्चा की, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

बलौदाबाजार हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पिछले 2 महीनों से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद है। देवेंद्र से मिलने कांग्रेस के बड़े नेता लगातार रायपुर पहुंच रहे है। राहुल गांधी के टीम के खास सदस्य उनसे मिलने पहुंचे और इस मुलाकात को गोपनीय रखा गया, यहां तक की स्थानीय कांग्रेसजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के खास केबी बायजू और डॉ. प्रतिष्ठा सिंह सोमवार को रायपुर पहुंचे थे, उन्हें एयरपोर्ट लेने देवेंद्र यादव की टीम गई थी।

जेल में देवेंद्र यादव की पत्नी, श्री बायजू और प्रतिष्ठा सिंह ने उनसे मुलाकात की। वहीं रायपुर प्रवास के दौरान यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी उनसे मिलने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें एक घंटे से ज्यादा इंतजार करना पड़ा।

---

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**

**-:: सूचना ::-**

मामले का विषय - अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक 914 अ-6 वर्ष 2022-23
पक्षकार - सुनील सिंह वगैरह विरूद्ध आनंद सिंह वगैरह
1. आनंद सिंह चौहान पिता स्व. सुंदर सिंह चौहान
2. लक्ष्मण सिंह चौहान पिता स्व. सुंदर सिंह चौहान दोनों निवासी - अवधपुरी रामदरबार कालोनी राम मंदिर के पास, सुंदरम फिल्मस भाठागांव रायपुर तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.)
3.श्रीमती अनिषा चौहान पति स्व. अनिल सिंह चौहान
4. अर्जुन सिंह चौहान पिता स्व. अनिल सिंह चौहान
5. कु. अनिकृति चौहान पिता स्व. अनिल सिंह चौहान क्र. 3 से 5 निवासी - बाबूलाल टॉकीज गली रायपुर तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.
6. डिव्हीजनल रेल्वे मैनेजर कार्यालय-दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे डब्ल्यू.आर.एस. रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी सुनील सिंह पिता स्व. शंकर सिंह निवासी - बंजारी रोड रायपुर तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला- दुर्ग के, प्रकरण क्रमांक 202306104300008 अ-6 वर्ष 2022-2023 में पारित आदेश दिनांक 13.07.2023 के विरूद्ध छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा-44 (2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया

उपर्युक्त मामले की **सुनवाई तिथि 05.12.2024 दिन-गुरूवार को दोपहर 12.00 बजे स्थान- न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग उद्योग भवन, जी. ई. रोड दुर्ग (छ.ग.)** में होगी। अतः सुनवाई तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**जारी दिनांक 24.10.2024**

**आयुक्त**
**दुर्ग संभाग, दुर्ग**

---

**आम सूचना**

(अवन्ति सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित, मौजा तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. स्थित भूखण्ड क्रमांक पी-33 क्षेत्रफल 4000 वर्गफुट के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के मेरे पक्षकार ने श्री स्वरूप कुमार केशवानी पिता श्री राधाकिशन केशवानी निवासी लाखेनगर, रायपुर छ.ग. से उनके भूमि स्वामी तक वो आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि महर्षि वाल्मिकी वार्ड, वार्ड क्रमांक- 28, मौजा तेलीबांधा, प.ह.नं. 113/64, रा.नि.मं. रायपुर-9 तेलीबांधा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 449 का भाग, (संविलियन उपरांत खसरा नंबर 15014/186) क्षेत्रफल 4000 वर्गफुट है, जो कि अवन्ति सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित, रायपुर का भूखण्ड क्रमांक पी-33 है, को क्रय करने का सौदा तय कर अग्रिम राशि अदा कर चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन कराया जाना शेष है। अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मेरे नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में या अपने इक्छित व्यक्ति या संस्था के नाम पर करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति या दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान रायपुर (छ.ग.) दिनांक : 29/10/2024

**भवदीय**
**हेमन्त डहरवाल, अधिवक्ता**
**शॉप नं. 02, प्रथम तल, बाबजी कॉम्पलेक्स, श्याम टॉकिज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नं. 9993952220**

---

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा पति श्री तारण प्रकाश सिन्हा निवासी डी-5 सिविल लाईन रायपुर छ.ग.। मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं किः-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि मेरे पुत्र के नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम, ब्रांच-1, रायपुर छ.ग. में पॉलिसी लिया है जिसका पॉलिसी नंबर 387037583 है। जिसमें मेरे पुत्र नाम प्रांशु सिन्हा (Pranshu Sinha) दर्ज है।
03. यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड नंबर-xxxx-xxxx-8426 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम अव्यान सिन्हा (Avyan Sinha) दर्ज है।
04. यह कि उपरोक्त दोनों नाम अव्यान सिन्हा (Avyan Sinha) और प्रांशु सिन्हा (Pranshu Sinha) एक ही व्यक्ति के नाम है। अर्थात उपरोक्त दोनों मेरे पुत्र का ही नाम है किसी अन्य व्यक्ति के नाम नहीं है। असत्य होने पर समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की है।
05. यह कि उपरोक्त सभी कथनों के समर्थन में संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथपत्र के कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक किये गये कथन सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

दिनांक 29/10/2024

---

**आम सूचना**

अविनाश न्यू काउंटी आवासीय सहकारी समिति मर्यादित, रायपुर, पंजीयन क्रमांक- 870, जिला - रायपुर के निर्वाचन हेतु मेरे द्वारा दिनांक 28.10.2024 को संस्था के सदस्यों की सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है, जिसकी सूचना समस्त सदस्यों को जारी करते हुए मतदाता सूची में दावा आपत्ति दिनांक 29.10.2024 से 12.11.2024 तक संस्था के कर्मचारी श्री रवि कुमार वर्मा / श्री चन्द्रशेखर माहेश्वरी, संस्था कर्मचारी को समिति कार्यालय में अथवा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग, महिला थाना चौक, छोटापारा, रायपुर में कार्यालयीन दिवसों पर कार्यालयीन समय में सप्रमाण प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया है। सूची पर प्रस्तुत दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 13.11.2024 को 12.00 बजे से रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

**(प्रवेश शर्मा)**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**अविनाश न्यू काउंटी आवासीय सह. समिति मर्या, रायपुर, पं.क्र.870, जिला - रायपुर**

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


शुभ दीपावली
इस दिवाली पर हमारी कामना है
आपका हर सपना पूरा हो और आप
सफलता के ऊंचे मुकाम पर पहुंचे।
दीपावली की शुभकामनाएं!


HAPPY Diwali
Since 1905
मान जीमाई
नमकीन व मिठाईयां
की ओर से धनतेरस व दीपावली
की हार्दिक शुभकामनायें
– मालवीय रोड, रायपुर. फोनः 4024217
– शंकर नगर, मेनरोड, रायपुर. फोनः 4074064
sumit


SONI VISION
SECURE EVERYWHERE
SONI CCTV CAMERA
आपकी सुरक्षा- हमारी गारंटी
ऑफर
केवल सिमित समय के लिए
मात्र ₹9999 में
2 कैमरे का कॉम्प्लीट सेटप
मात्र ₹12499 में
4 कैमरे का कॉम्प्लीट सेटप
Happy Diwali
शुभ दिवाली
BAJAJ FINSERV
EMI NETWORK
EMI FINANCE AVAILABLE HERE
जल्द से जल्द स्टोर विज़िट करें और
ऑफर का लाभ उठायें.
Soni CCTV Camera
Shop No. 4-5, Ground Floor, Chandra Planet, Ring Road No-1,
Near Ashoka Millennium, New Rajendra Nagar, Raipur
98271 52952 www.sonivision.co.in
sumit


दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
Amanat
Bakery, Always Fresh
"Celebrate Diwali with the warmth
of lights and the sweetness of cakes.
Wishing you a joyful and
delicious festival!"
Quality
100%
Guaranteed
हर ख़ुशी के मौके पर.. बेकरी में एक ही नाम
अमानत बेकरी
• पोस्टल कॉलोनी के सामने, पुराना धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
• पारस नगर (देवेन्द्र नगर) रायपुर
9329060307 9165341041
Special Pure Eggless Cake & Pastry
sumit


अरुण परिवार की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण श्रृंखला
आपकी तरक्की में हाथ.. अरुण के कृषि यंत्रों का हाथ
अरुण ट्रेड कम्बाइन्स - कृषि उपकरणों की निर्माण में अग्रणी. हम बनाते हैं कृषि उपकरणों की वृहद श्रृंखला.
अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण सर्वाधिक उपयोग में आने वाले उपकरण, जो बनते हैं बेस्ट पार्ट्स व कॉम्पोनेंट्स से.
अशोका सुपर डीलक्स थ्रेशर
शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध
एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध
मजबूती का हाथ.. किसानों के साथ
• 5 फैन मॉडल
• 6 फैन मॉडल
• 7 फैन मॉडल
• आसान फाइनेंस की सुविधा
• बिक्री पश्चात सेवा सुविधा
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर कम्प्रेशर
कॉन्क्रीट मिक्सर
ट्रेक्टर ट्रेलर
कुट्टी मशीन
ट्रेक्टर हार्वेस्टर कंबाइन
ट्रेक्टर लोडर
फोर्क लिफ्ट
ट्रेक्टर हॉलर मिल
ट्रेक्टर क्रेन
ट्रेक्टर पोल इरेक्टर
मिनी ट्रेक्टर विथ लोडर
लेवलर
ट्रेक्टर कुट्टी मशीन
रीपर
ट्रेक्टर रोटावेटर
वाटर टैंकर
ट्रेक्टर ट्रेंचर
हाइड्रॉलिक ग्रेडर
अरुण ट्रेड कम्बाईन
माना रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) मोबाइल - 95168 55103
बलौदाबाजार - 9826611773 • भाटापारा - 9827122192 • नयापारा - 9926148053
अभनपुर- 8770557440 • गरियाबंद- 9303304816
sumitadvertisers

# मॉपअप के बाद निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की 18, बीडीएस की 285 सीटें खाली

**5 नवंबर तक बढ़ाई गई एडमिशन की अंतिम तारीख, होगा स्ट्रे वैकेंसी राउंड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो चरण की नियमित और एक मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के बाद शासकीय मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की सभी सीटों पर एडमिशन हो गया है। एकमात्र निजी कालेज की पूरी सीटें भरी हैं और चार चिकित्सा महाविद्यालयों में 18 सीटें खाली हैं। इसी तरह निजी और सरकारी डेंटल कालेजों में 285 सीटें खाली रह गई हैं। यूजी एडमिशन की अंतिम तारीख 5 नवंबर तक बढ़ाई गई है, जिसके आधार पर स्ट्रे वैकेंसी राउंड पूरा किया जाएगा।

प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों और दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस और बीडीएस एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है जो अब अंतिम चरण में पहुंच रही है। राज्य और प्रबंधन तथा एनआरआई कोटे की सीटों में एडमिशन के लिए मॉपअप राउंड तक की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक राज्य के सभी दस मेडिकल कालेजों के राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश पूरा हो गया है। निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की 95 प्रतिशत से ज्यादा सीटें भर चुकी हैं। चार निजी कालेजों में एमबीबीएस की कुल 18 सीटें बाकी रह गई हैं, जिस पर एडमिशन के लिए आने वाले दिनों में स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह निजी और शासकीय डेंटल कालेजों में राज्य और प्रबंधन कोटे की करीब 580 सीटें हैं जिसमें से 285 सीटें खाली पड़ी हैं। निजी कालेजों के साथ ही शासकीय डेंटल कालेज में बीडीएस की 24 सीटों पर एडमिशन के लिए विद्यार्थियों का इंतजार है। सीटों को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन की अंतिम तारीख पांच नवंबर तक बढ़ाई गई है। बीडीएस एडमिशन के लिए भी स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जाएगा।

### बीडीएस के लिए नया रजिस्ट्रेशन

डीएमई डॉ. यूएस पैंकरा ने बताया कि बीडीएस की रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए नियमानुसार छात्रों का नया पजंयीन किया जाएगा। इसके लिए 30-31 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। पंजीयन के साथ संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद आवंट्न सूची तैयार होगी जिसमें पहले पूर्व पंजीकृत छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस आधार पर आने वाले दिनों में स्ट्रे वेकैंसी राउंड पूरा किया जाएगा।



### किस मेडिकल कॉलेज में कितनी सीट खाली

रायपुर इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेस में प्रबंधन की 5 और राज्य कोटे की 1 सीट

श्री शंकराचार्य इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेस भिलाई में प्रबंधन कोटे की 3 सीट

श्री बालाजी इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेज रायपुर में प्रबंधन की 3 और राज्य कोटे की 1 सीट

श्री रावतपुरा इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेज नवा रायपुर में एनआरआई की 2 तथा प्रबंधन कोटे की 3 सीट

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने किया पुस्तक का विमोचन




**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा मंगलवार को ऑस्टियोपोरोसिस एक रोकथाम योग्य रोग हिंदी संस्करण पुस्तक का विमोचन किया गया। लेखिका डॉ. नंदा गुरवारा एवं डॉ. डेजी द्वारा यह पुस्तक लिखी गई है। इस पुस्तक में ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या के बारे में एवं समस्या से बचने के उपाय के बारे में बताया गया है। यह पुस्तक अत्यंत वस्तु परख एवं समझ में आ सकते वाली भाषा में है। स्वास्थ्य पोषण के क्षेत्र में काम करने वालों के साथ ही सामान्य व्यक्ति भी इससे लाभान्वित होंगे। इस पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने इस पुस्तक के उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विमोचन के अवसर पर हरीश गुरवारा, नमन शर्मा, अखिलेश साहू एवं नागरिक उपस्थित थे।

### आयुर्वेद परिषद ने मनाई धन्वंतरि जयंती



**रायपुर।** विश्व आयुर्वेद परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा डीडीनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गत दिनों धन्वंतरि जयंती मनाई गई। इस मौके पर समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने राज्य में होने वाले नए आयामों पर चर्चा की। पूर्व सांसद डॉ. भूषणलाल जांगड़े, आयुष विभाग संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास, किसान संघ कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशाल चंद्राकर, कामधेनु विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक डॉ. पीएल चौधरी ने अपना व्याखान दिया। कार्यक्रम में डॉ. मनोहर लहेजा, डॉ. आराधना कण्डे, डॉ. यशवंत चंद्राकर, डॉ. नम्रता तिवारी, डॉ. सस्मिता त्रिपाठी, डॉ. विश्वास वर्मा, डॉ. जीआर चतुर्वेदी, आयुष बोर्ड के डॉ. संजय शुक्ला सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### मेकाहारा कैंसर अस्पताल में जरूरतमंदों को बांटे कपड़े



**रायपुर।** दिवाली के अवसर पर एक समूह ने मेकाहारा कैंसर अस्पताल परिसर में गरीब और असहाय मरीजों के लिए कपड़े दान किए। समूह के युवाओं ने अस्पताल के मरीजों और उनके परिवारों को नए कपड़े दान कर दिवाली की खुशियों को और भी विशेष बना दिया। इस दान में बच्चों और वयस्कों के लिए कपड़े, जूते और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थी। इस दान अभियान से अस्पताल के कई मरीजों और उनके परिवारों को लाभ हुआ और उनके चेहरों पर मुस्कान आई। इस समूह में सूरज जैन, साहिल सेन, राज सोनी, अभिनीत श्रीवास्तव, दीपक जैन, यश राजपूत, युवराज प्रधान, अमय पांडेय, आशुतोष सोनी, खुशी जैन, वासनी गुप्ता, वंशिका जैन, मयंक सोनी आदि थे।

**तैयारी : बिरगांव निगम ने समितियों के साथ मिलकर शुरू करवाई सफाई**

# छठ पूजा से पहले निगम क्षेत्र के तालाबों की सफाई शुरू, तीन नवंबर से रंगीन लाइटों से जगमाएंगे घाट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर भारतीय परिवारों की आस्था का महापर्व छठ पूजा दीपोत्सव के बाद शुरू होने वाली है। इसके मद्देनजर अब निगम प्रबंधन व पूजा समितियों ने आपस में तालमेल बनाकर तालाबों की सफाई का क्रम शुरू किया है। अभी पूजा के लिए बनाए गए घाट के पास फैले कचरे को हटाया जा रहा है। इसके लिए निगम ने भी सफाई कर्मियों को जिम्मेदारी दी है। निगम क्षेत्र के आधा दर्जन तालाबों में इस बार भी छठ पूजा की तैयारी है।

राजधानी के तालाबों में जहां 2 नवंबर से छठ पूजा घाट की सफाई शुरू होगी, वहीं इसके पहले बिरगांव निगम क्षेत्र में तैयारी और सफाई का दौर अभी से शुरू हो गया है। एमआईसी सदस्य इकराम अहमद ने बताया कि निगम क्षेत्र की मुख्य छठ पूजा व्यास तालाब में की जाती है। समाज के लोगों से तालमेल बनाकर 28 अक्टूबर से ही अलग-अलग दिन तालाबों की सफाई करवा रहे हैं।

ऐसा इसलिए भी किया जा रहा है, क्योंकि त्योहारी छुट्टी के बाद सफाई कर्मी वार्डों में व्यस्त हो जाते हैं। इसे देखते हुए अलग-अलग तालाबों में सफाई के लिए अभी से सफाई कर्मी भेज रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत उरकुरा, रावांभाठा, उरला, अछोली और सरोरा स्थित छठ ताताब की सफाई भी शुरू की गई है।

### दीपोत्सव के बाद उठाएंगे कचरा

निगम के साथ छठ पूजा समिति के लोग अपने कर्मचारी भी सफाई में लगा रहे हैं। कचरा हटाने और सफाई में सहयोग के लिए निगम भी रोज 6 से 8 कर्मचारी अलग-अलग तालाब की सफाई के लिए भेज रहा है। वार्ड प्रतिनिधि ने बताया कि त्योहारी अवकाश से पहले यानी 30 नवंबर तक पूजा घाट व इसके आसपास की सफाई करवाई जाएगी। इसमें निकलने वाले कचरे को अभी तालाब किनारे ही रखवा रहे हैं। दीपोत्सव के बाद विसर्जन होने वाली पूजा सामग्री निकालने के साथ ही पुराने सूखे हुए कचरे को बाहर किया जाएगा। इसके बाद पूजा घाट की व्यवस्था आयोजन समिति के लोग संभालेंगे।

### 6 नवंबर को होगी छठ पूजा

इस बार भी दीपोत्सव के छठवे दिन यानी 6 नवंबर को उत्तर भारतीय परिवार के लोगों द्वारा भक्तिमय माहौल में छठ पूजा की जाएगी। इसके पहले समाज के लोग तीन नवंबर से ही व्रत नियम का पालन करने लगेंगे। इस दिन से ही छठ घाट को रंगीन लाइटों से सजाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा है। हर साल की तरह निगम क्षेत्र का मुख्य छठ पूजा घाट व्यास तालाब में सजाया जाएगा। इसके साथ उरला, अछोली और सरोरा में भी भव्य तरीके से छठ पूजा का आयोजन करने की तैयारी है। इसकी शुरुआत छठ पूजा घाट की सफाई करते हुए की गई, इसे जल्द ही पूरा भी किया जाएगा।

# झारखंड और महाराष्ट्र चुनाव में लगे अफसरों की दीपावली वहीं मनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के आईएएस और आईपीएस अफसरों को पर्यवेक्षकों के तौर पर तैनात किया गया है। दोनों ही राज्यों में मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख खत्म होने के साथ ही पर्यवेक्षकों में पुलिस और आय-व्यय को जांचने वाले पर्यवेक्षक भी रहेंगे। दोनों राज्यों की प्रत्येक विधानसभा में पर्यवेक्षकों की तैनाती दी गई थी। दीपावली का त्योहार बीच में पड़ने के कारण इन अफसरों को यहीं रहकर मनाना पड़ेगा, वे वापस अपने घर नहीं लौट पाएंगे।

- दोनों राज्य में नामांकन दाखिल की हर गतिविधि पर होती है नजर

महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस अफसर, जिसमें छह महिला आईएएस अफसर भी शामिल हैं, को भेजा है। चुनाव आयोग द्वारा जिन अफसरों को बुलाया गया है, उनमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में तैनात अधिकारी शामिल हैं। इनमें शामिल अधिकारियों में आर प्रसन्ना, भुवनेश यादव, सीआर प्रसन्ना, जनक प्रकाश पाठक, शम्मी आबिदी, शिखा राजपूत तिवारी, केडी कुंजाम, किरण कौशल, पीएस एल्मा, सारांश मित्तर, जितेंद्र कुमार शुक्ला, अभिजीत सिंह, दिव्या उमेश मिश्रा, इफ्फत आरा, पुष्पा साहू, रितेश कुमार अग्रवाल, तारण प्रकाश सिन्हा, जगदीश सोनकर, राजेंद्र कुमार, कुलदीप शर्मा, कुंदन कुमार के नाम शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया में नामांकन पूरा होने के बाद पर्यवेक्षकों को चुनावी गतिविधियों पर पूरी नजर रखनी पड़ती है।

### इस दिन वोटिंग और रिजल्ट

झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर जहां दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान है, वहीं महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 20 नवंबर को मतदान है। दोनों राज्यों का चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएगा।

### ट्रेनिंग के बाद भेजे गए

चुनाव आयोग द्वारा इन अफसरों को विधानसभा चुनावों की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। ट्रेनिंग के बाद इन अधिकारियों को चुनाव संचालन से संबंधित विभिन्न जिम्मेदारियों का पालन करना होगा, जिसमें मतदान प्रक्रिया, वोटों की गिनती और चुनाव के बाद की प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी शामिल हैं।

# दीपावली से पहले 1500 से अधिक स्ट्रीट लाइट फिटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का विद्युत विभाग शहर में दीपावली पूर्व बंद स्ट्रीट लाइट को सुधारने में लगा हुआ है। इसके साथ ही 1500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट की फिटिंग लगाई जा चुकी है। वार्डों में स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर प्रकाश व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। दरअसल, शहर के रहवासी इलाके सहित आउटर में बसे वार्डों में स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर प्रभावित इलाके के रहवासी परेशान रहे। निदान 1100 और निगम के चैट बोट पर स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिली। इस पर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त ने सभी दस जोन के आयुक्त और कार्यपालन अभियंता सहित विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें जोनवार इसकी समीक्षा हुई।

- बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधारने का चल रहा काम

### 150 से ज्यादा नई स्ट्रीट लाइट की फिटिंग

निगम मुख्यालय विद्युत शाखा ने विभिन्न वार्डों में 150 से ज्यादा नई स्ट्रीट लाइट की फिटिंग लगाई है। मुख्य मार्ग सहित वार्डों की कालोनियों, स्लम बस्तियों में स्ट्रीट लाइट सुधारी जा रही है। अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय एवं अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े के निर्देश पर जनसुविधा की दृष्टि से शहर में प्रकाश व्यवस्था सुधारी जा रही है।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि में मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

- आज होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 6 जनवरी को अंतिम प्रकाशन

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में आयोग को सहयोग प्रदान करें। साथ ही लोगों को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल भी बैठक में उपस्थित थे।

**18 वर्ष पूर्ण करने वाले करेंगे आवेदन :** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान ऐसे भारतीय नागरिक जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगी तथा जिनका नाम वर्तमान में किसी कारण वश मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आगामी 1 जनवरी के साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी अपना अग्रिम आवेदन दे सकते हैं।

### 89 विधानसभा क्षेत्रों किया जाएगा प्रकाशन

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर को रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर प्रदेश के शेष 89 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही दावा, आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जाएगी। नागरिक 28 नवम्बर तक दावा, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस दौरान 9-10 नवम्बर तथा 16-17 नवम्बर को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के बाद 6 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# सरकारी कर्मचारी के सुसाइड नोट के मामले में गृहमंत्री और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ युवा विप्र संगठन ने कलेक्टोरेट के कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय की मौत के जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल एफआईआर कर जांच करने की मांग की है। श्री उपाध्याय उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना के लगातार शिकार रहे, उन्होंने कलेक्टर से भी जाकर अपनी व्यथा बताई। जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर आत्महत्या के लिए उनको मजबूर होना पड़ा। गृहमंत्री विजय शर्मा को मामले में जांच समिति गठन करने की मांग की है। मामले में कलेक्टर गौरव सिंह को भी ज्ञापन सौंपा गया।

- छत्तीसगढ़ युवा विप्र संगठन ने की जांच समिति गठन की मांग

पूर्व महापौर एवं नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने जिन अधिकारियों के नाम सुसाइडल नोट में आए हैं, उन पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई कर एफआईआर करने की मांग की है। उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में कई ऐसे प्रकरण लगातार देखने को मिल रहे हैं, जिसमें ब्राम्हण समाज विशेष के लोगों को टारगेट बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व नीलमणी दुबे इसके शिकार हुए जिनका 2 माह में 6 बार ट्रांसफर हुआ। कुछ बड़े सचिव स्तर के अधिकारियों को भी अकारण कई मामलों में फंसाने का प्रयास किया गया।

इसमें कुछ हद तक सफलता भी ऐसे लोगों को मिली। ब्राहमण समाज को इन सब के बावजूद टारगेट बनाकर प्रताड़ित किए जाने की ऐसी घटनाओं से काफी रोष व्याप्त है।

### दोषी लोगों पर कार्रवाई तक चलेगा आंदोलन

समाज के प्रतिनिधियों के साथ जनप्रतिनिधियों का बड़ा समूह जब तक इस घटना के दोषी लोगों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक अनवरत चरणबद्ध आंदोलन करने की रूपरेखा बनाई है। आज प्रथम चरण में जिम्मेदार मंत्रियों एवं अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है। आगे की रूपरेखा समाज प्रमुखों की बैठक में तय की जाएगी।

### अफसरों के खिलाफ सुसाइड नोट पर तत्काल कार्रवाई की मांग

शासकीय कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय ने प्रशासन के तीन अपर कलेक्टर के खिलाफ सुसाइड नोट लिखा, उस मामले को लेकर विप्र समाज सहित कई संगठनों के लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। जिन अफसरों का नाम इसमें आया है, उन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इन अफसरों को यहां से हटाकर निष्पक्ष जांच कराना चाहिए। विप्र समाज ने भी आपत्ति दर्ज की करते हुए मांग की है तत्काल उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, विप्र समाज का प्रदीप उपाध्याय सुसाइड नोट लिखता है, उस पर एफआईआर नहीं होने से पूरे प्रदेश में अराजक मामला है। उन्होंने कहा, ऐसी प्रशासनिक अराजकता क्यों? सुसाइड नोट मिलने के साथ ही तत्काल उन तीन अपर कलेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। घटना के 48 घंटे बीत गए, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं करना भाजपा सरकार द्वारा ऐसे मामलों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को इस मामले में अपना मत स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अफसरों को निलंबित कर यहां से अन्यत्र पदस्थ कर निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई करना चाहिए।

## बिजनेस साइट

### साईं टीवीएस में 'टीवीएस किंग सीएनजी ऑटो' की बुकिंग प्रारंभ

**रायपुर।** देवपुरी मेन रोड एवं लालपुर स्थित साईं टीवीएस में अब टीवीएस किंग सीएनजी ऑटो उपलब्ध है। इस नई पेशकश का शानदार प्रदर्शन शोरूम में किया जा रहा है। संस्थान के संचालक ने जानकारी दी कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए टीवीएस के नवीनतम सीएनजी मॉडलों जैसे किंग डीलक्स, किंग ड्यूरामैक्स प्लस एवं किंग कार्गो की बुकिंग शुरू कर दी गई है।

इन ऑटो की शोरूम कीमत 2,51,488 रुपए से प्रारंभ होती है।टीवीएस किंग सीएनजी ऑटो में शानदार माइलेज, कम प्रदूषण और बेहतरीन प्रदर्शन की विशेषताएं हैं, जो ग्राहकों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाती हैं। साईं टीवीएस रील व्हील्स में इन ऑटो का प्रदर्शन कर बुकिंग की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# अस्पताल वाले बाबा के उर्स में आस्ताने से निकला शाही संदल, हुई चादरपोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हजरत सैय्यद बंदे अली शाह रहमतुल्लाह अलैह (डीके अस्पताल) के पांच दिवसीय 26 से 30 अक्टूबर को उर्स पाक बड़े ही शानो-शौकत से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को शाम 7 बजे असलम रायपुरी ने बाबा की शान में शानदार कव्वाली पेश की और रात्रि 10 बजे धर्मगुरु सैयद मो. आलमगीर अशरफ अशरफी-उल-जिलानी साहब ने तकरीर की। दूसरे दिन मंगलवार को शाम 7 बजे शाही संदल व चादरपोशी का प्रोग्राम था, जो आस्ताने आलिया से निकलकर शहर का गश्त करता हुआ वापस आस्ताने आलिया पहुंचा, फिर रात 10 बजे इंटरनेशनल कव्वाल रईस मियां दिल्ली द्वारा महफिले समां का अहतराम हुआ। यह जानकारी अस्पताल वाले बाबा के खादिम-ए-आस्ताना हाजी सैयद जाफर अली ने देते हुए बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे कुल शरीफ की फातिहा होगी और रात 9 बजे सैफ-सुहैल ब्रदर्स



अपना सूफियाना कलाम पेश करेंगे। ज्ञात हो कि उर्स के दौरान दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे आम लंगर का इंतेजाम किया गया है। आस्ताना के खादिमों ने संदल व चादर शरीफ को बड़े अदब-ओ-एहतराम से लाने की अपील की है।

### सीएम साय ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को नरक चतुर्दशी और छोटी दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली से एक दिन पहले कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को छोटी दिवाली मनाई जाती है, इसे नरक चतुर्दशी या रूप चौदस के रूप में मनाया जाता है।







